## एक नजर में

### जमात ए इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी ने की पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की मांग



**खरगोन।** शहर के संजय नगर क्षेत्र में कुत्ते के काटने के 20 दिन बाद एक चार वर्षीय बच्ची की तबीयत बिगडने के बाद हुई मौत से न केवल परिवार बल्कि समूचा शहर सिहर गया है। सोमवार को जमात के इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी ने घटना पर आक्रोश दर्ज कराते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहायता राशि दिलाने की मांग की है। कलेक्ट्रेट पहुंचे सदर आरिफ खान, नायब सदर नाजिम शेख ने बताया कि 23 जून को बिलाल मस्जिद क्षेत्र में 4 वर्षीय आलिया सहित करीब 8 अन्य बच्चो पर कुत्तो ने हमला कर गम्भीर रूप से घायल किया था। अस्पताल ले जाने पर इलाज के बाद भी आलिया की तबियत में सुधार नही हुआ और उसकी जान चली गई। आलिया की मौत के बाद कुत्ते के हमले के शिकार हुए अन्य बच्चों के पालक भी अपने बच्चों की सेहत को लेकर चिंतित है। कमेटी ने मांग की है कि जिन बच्चों को 23 जून या बाद में कुत्तों ने काटा है उनकी सेहत की जांच के लिए एक चिकित्सकीय टीम गठित की जाए, जिससे उनका स्वास्थ्य परीक्षण होकर समय पर उपचार मिल सके। इसके अलावा कमेटी ने गत दिनों हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में बनी बाउड़ी में मिली बच्चे की लाश की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की है।

### नर्मदा मालवा सांस्कृतिक कला मंच ने सदाबहार नगमों से गायकों को तराशा



**खरगोन, निप्र।** बड़वाह में सनातन संगीत के सनातन रेस्त्रां मे संगीत को सुरम्य रूचिकर बनाने हेतू रविवार शाम 7 बजे से 11 बजे तक लोकप्रिय नगमो से गायको को तराशा गया। एक से बढ़कर एक सुरमयी प्रस्तुतियां दी। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र को भजन गायककार अध्यक्ष- मनोज शर्मा तथा निमाड. की लताजी से नाम से प्रसिद्ध रेखा ओसवाल व गायको ने माल्यार्पण किया। तत्पश्चात कलामंच के संरक्षक -पद पर संगीत की दुनिया के सिरमौर- मा.कपिल तिवारी गड़बड़ ने अध्यक्षता की। विशेष अतिथि मा.सुधीर सेंगर व कविवर मा.रविंद्र बर्वे.तथा कराओके नगमो के वरिष्ठ गायककार मा.अरुण शर्मा पधारे थे। मनोज शर्मा ने कार्यक्रम शुभांरभ मे गणेश वंदन प्रस्तुत की व कोषाध्यक्ष-पुष्पेन्द्र रावल ने मुरली पर मधुर भजन प्रस्तुत किया। श्री सेंगर ने कहा कराओके ट्रेक पर गाना आसान नही है पर कठिन भी नही है नित्य रियाज साधना से गाना व लय अवश्य सूरमयी होता है..व अपने संगीत के अनुभव सभी को बताये व प्रेरणा दी। हमारा क्षेत्र संगीत का सागर है।अध्यक्ष- मनोज शर्मा ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया कि गायको मे संगीत के माध्यम से एकता सोहार्द व भाईचारा निर्मित हो। एवं प्रति रविवार संगीत की साधना से सभी गायको की आवाज सुरमयी बन सके व आगामी स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय गीतो से तिरंगे व वीर शहीदों को संगीतमय प्रस्तुतियां देना लक्ष्य मे रखा है। कविवर श्री दूबे ने भी अपने गायकी के अनुभवों से प्रेरित कर तनमनधन से इस मंच को सहयोग का आश्वासन दिया व प्रेरणादायक मौलिक रचना से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। क्षेत्रीय सुप्रसिद्ध गायककार- श्रीमती रेखा ओसवाल तथा जे.पी. श्रीवास्तव ने युगल नगमा मेघा रे मेघा रे..प्रवीण श्रीमाली ने चलरी सजनी तू..कु.अदिति दूबे और अध्यक्ष मनोज जी शर्मा ने देखा एक ख्वाब तो ये सिलसिल हुए..मनीष बर्वे ने....कु.प्रिया चक्रवेदी ने डिस्को नगमा यारा हो यारा...समीर माहुले ने...सचिव- सुनील भालसे ने रेखा वर्मा के साथ युगल नगमा...अरुण शर्मा ने युगल गाना...संतोष कोचले ने जिंदगी के सफर मे..पंकज व अंकिता कुमुद दम्पति गायको ने डा.अरुण चिंचे ने दिवानो से ऐ मत...अजय सोनकर और रेखा जी ओसवाल .सोहन राठौड़ ने ऐ जमी गा रही है...मनोज खेड़े ने खिलते है गुल यहां..सुनील जी भालसे और रेखा जी वर्मा ने परदेसिया ये सच है पिया.. दिलीप व्यास ने मार गई मुझे तेरी पंकज जी कुमुद और श्रीमती अंकिता कुमुदजी ने अगर आसमा तक मेरे हाथ जाते.. सभी कलाकारों को दो गाने गाने का अवसर मिला मधुर गायन मे श्रोतागण शिक्षाविभाग पू.बीआरसी गायक महेश कनासे.सुनील भालेकर.डा.रमेशचंद्र यादव.गोविंद शर्मा रघुनाथ धारेकर. आशिष चौहान.अरुण पंवार विशेष तौर पर पधारे थे। कार्यक्रम का संगीमय संचालन उपाध्यक्ष-जयप्रकाश श्री वास्तव ने किया.आभार सुपर सिंगर मनीष बर्वे ने व्यक्त किया।

### शट डाउन कर फिल्टर प्लांट की सफाई की, 14 घंटे चली सफाई

**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध नगर परिषद द्वारा फिल्टर प्लांट की रविवार शट डाउन कर सफाई की गई ।इस दौरान फिल्टर प्लांट की सम्पूर्ण सफाई की गई



जिसमें सी एल एफ एवं ब्रिज की साफ सफाई, मोटर पंप के स्टार्टर और कट आउट्स के लग्स हटाकर नए लगाए गए मोटर पंपों की ग्लैंड पेकिंग बदली स्टार्टर में नया ऑयल डाला गया प्लांट परिसर की झाड़ियां एवं घास की कटाई की गई पुरानी मीडिया सेंड हटाकर नई सेंड डाली गई ।सफाई कार्य 14 घंटे तक रविवार सुबह 9 बजे से रात्रि 11 . 30 बजे तक चला ।नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने बताया कि शट डाउन के चलते रविवार को जल आपूर्ति नहीं की जा सकी आपात स्थित के लिए नगर परिषद के चार टैंकर और एक फायर फाइटर में पर्याप्त पानी स्टोर किया गया था जिससे आवश्यकता होने पर आपूर्ति की जा सके ।सोमवार से जल आपूर्ति फिर शुरू हो गई है ।सफाई अभियान में सी एम ओ संजय रावल ,इंजीनियर आरती मंडलोई जल प्रदाय प्रभारी आरिफ अली नगर परिषद के कर्मचारी गण उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हरि गाडगे,पार्षद मोंटी कुरैशी,पार्षद प्रतिनिधि जगदीश केवट ,ब्रह्मदत्त चोहान,तैयब अली बवाहिर,दिनेश प्रजापत,रत्नदीप मोयदे ,संजय कलोसिया उपस्थित थे!

# श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया श्रावण मास का प्रथम सोमवार

## सिद्धनाथ के आगे श्रद्धालुओं ने नवाया शिश, शहर की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की

नवभारत न्यूज

**खरगोन। शहर में श्रावण मास का प्रथम सोमवार श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया। प्रात:काल से ही विभिन्न शिव मंदिरों श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हुआ और पूजन का दौर चला। इसी के अंतर्गत भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर भी श्रावण मास का प्रथम सोमवार श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया।**



प्रात: 4 बजे सिद्धनाथ मंदिर खुला और पूजन-अर्चन का दौर शुरू हुआ। सार्व जनिक श्रावण मास शिवड़ोला समिति के सहमीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री सिद्धनाथ जी पर दूध, दही, शहद व जल चढ़ाकर पूजन-अर्चन व अभिषेक किया और भगवान श्री सिद्धनाथ के सामने शिश नवाकर शहर में सुख, शांति व समृद्धि सहित की कामना की। श्रावण मास का प्रथम सोमवार होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवालय पहुंचे ओर अपने आराध्य का पूजन-अर्चन किया।

इन मंदिरों में भी चला पूजन-अर्चन का दौर श्रावण मास के प्रथम सोमवार सराफा बाजार स्थित श्री नीलकंठ मंदिर, कसरावद रोड़ स्थित श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर, कुंदा नदी तट स्थित श्री बड़घाटेश्वर मंदिर, बाकी माता पथ स्थित श्री महाबलेश्वर मंदिर, कुंदा नदी तट स्थित काला देवल व महाकाल मंदिर, ज्योति नगर स्थित श्री ज्योतेश्वर महादेव मंदिर, जैतापुर स्थित श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर, गांधी नगर स्थित श्री महामृत्युंजय मंदिर, डीआरपी लाईन स्थित श्री नीलकंठ मंदिर, कृषि उपज मंडी स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर, भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, ब्राह्मणपुरी स्थित श्री ज्येश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन व अभिषेक किया गया।

## पिपरी से बिजागढ़ महादेव मंदिर तक निकली कावड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** मां अंबिका मंदिर तीर्थ क्षेत्र पीपरी से वनांचल में बसे बीजागढ़ महादेव तक बोल बम के जयकारे गूंजायमान होते रहे। अवसर था सरदार पटेल युवा संगठन के तत्वावधान में निकली भव्य शक्ति से शिव मिलन कावड़ यात्रा का। मां अंबिका मंदिर तीर्थ क्षेत्र पिपरी में दर्शन- पूजन के बाद 108 कांवडियों का जत्था सुबह 7 बजे शिवध्वनि के साथ बीजागढ़ महादेव के लिए रवाना हुआ। इस धार्मिक यात्रा में लगभग 500 महिलाओं सहित 1000 से अधिक बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। जगह.जगह भक्ति भाव के साथ स्वागत और सेवा का वातावरण देखने को मिला।



यात्रा के प्रथम विश्राम स्थल ग्राम घोट्या में श्रद्धालुओं का स्वल्पाहार से स्वागत किया। इसके बाद ग्राम ऊन में युवा टीम ऊन की ओर से चाय.पानी की सेवा की गई। ग्राम सांगवी में गोपालपूरा और ग्राम गोलवाड़ी की टीम ने स्वल्पाहार कराकर कांवडियों की थकान हर ली। बीजागढ़ महादेव मंदिर पहुंचकर सभी श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित कर सामूहिक महाआरती की। इसके उपरांत सरदार पटेल युवा संगठन एवं समस्त सहयोगी मित्र मंडल की ओर से विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रद्धा, उत्साह, और सेवा का संगम देखने को मिला।

## सावन के पहले सोमवार शिवालयों में उमड़ी आस्था

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** सावन के पहले सोमवार को शहर सहित समूचे अंचल के शिवालय भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंजायमान रहे। यह दिन भगवान शिव की पूजा.अर्चना के लिए बेहद शुभ एवं कृपा बरसाने वाला माना जाता है है। सुबह से ही शिवालयों में दर्शन-पूजन, जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडने लगी। लोगों ने कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार किया।



भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में प्रात: 4 बजे मंदिर के पट खुले। इसके साथ ही पूजन.अर्चन का दौर शुरू हुआ। सार्वजनिक श्रावण मास शिवड़ोला समिति के सहमीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि श्रद्धालुओं ने भगवान श्री सिद्धनाथ का दूध, दही, शहद व जल चढ़ाकर पूजन.अर्चन व अभिषेक किया। मंदिर में सुबह से देरशाम तक सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। इसके अलावा शहर के अन्य मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालूओं का तांता लगा रहा।

## नवनिर्मित शिवालय में महादेव परिवार सहित विराजित हुए




नवभारत न्यूज

**बिस्टान निप्र।** बन्हेर समीप बंजारा बहुल बस्ती कसारपुरा में पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार को नवनिर्मित शिवालय में देवाधिदेव महादेव अपने गण और परिवार सहित विधिविधान से विराजित हुए। शनिवार से शुरू हुए तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की, सोमवार को शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूर्णाहुति हुई। इस अवसर पर विशाल भंडारा किया गया। गांव सहित पड़ोसी गांव के सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शंकर परिवार का दर्शन लाभ लेकर भंडारे में भजन प्रसादी ग्रहण की। तीन दिवसीय सार्वजनिक धार्मिक अनुष्ठान पंडित दिलीप शर्मा निवासी गौल बामखल और पंडित रवि चिंचे निवासी धामनोद के द्वारा शास्त्रोक्त विधि से संपन्न कराया गया ।उल्लेखनीय है की स्थानीय सार्वजनिक विश्वेश्वर मंदिर निर्माण समिति द्वारा एक सार्वजनीक दान उपहार योजना चलाई गई थी। इस उपहार योजना में 2000 लोगों ने भाग लिया था। समिति द्वारा योजना से एकत्रित दान की राशी से कुछ लकी दानदाताओं को उपहार योजना की सामग्री का वितरण करके शेष बची राशि से शिवालय का निर्माण किया गया है।



### रामेश्वरम के रुप में सजे नर्मदेश्वर महादेव मंदिर

**खरगोन।** सावन मास में भूत भावन भगवान भोलेनाथ की भक्ति में समूचा शहर रमा हुआ है। सीता विहार कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर सोमवा को विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यहां कॉलोनी की राधे की मंडली श्रृंगार समिति के रवि जैन, कनिश जोशी, रेखा आह्लाड, आर्यदीप, प्रसन्न परसाई, नेमिश जोशी ने नर्मदेश्वर महादेव को रामेश्वरम का स्वरुप देकर श्रीराम- लक्ष्मण के आराधना करती हुई झांकी के रुप में सजाया।

## जिला मुस्लिम कमेटी ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** जिला मुस्लिम कमेटी के सदर एवं पार्षद रियाजुद्दीन शेख, वार्ड 25 के पार्षद वारिस चौबे ने पीड़ित परिवार के साथ कलेक्टर ऑफिस परिसर में धरना प्रदर्शन किया। नगर पालिका के खिलाफ नारे की। शेख ने बताया कि आवारा कुत्ते की वजह से रोजाना कई बड़े बच्चे महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। आलिया को उचित उपचार मिलता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी, लेकिन 23 जून को करीब एक दर्जन लोग अस्पताल पहुंचे थे, हम भी हाल-चाल लेने गए थे, उस दौरान पीड़ित बच्चों के परिवारों ने बताया था कि अस्पताल में कोई उपचार नही दिया जा रहा, बच्चों को केवल इंजेक्शन लगाकर स्लाईन चढ़ाई गई। इसके अलावा नगरपालिका भी बार- बार हो रहे हादसों के बाद भी कुत्तों को पकडने का कोई अभियान नही चला रही। इस उदासनीता पर कलेक्टर से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। शेख ने बताया प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर ने नियमानुसार आर्थिक सहायता देने की बात कही है। इसके अलावा शेख ने भी अपनी ओर से 11 हजार रुपए नगद राशि देने की घोषणा

### विनोद जैन मप्र के सदस्यता अभियान के प्रभारी नियुक्त

**खरगोन।** राष्ट्रीय स्तर के संगठन कृषि आदान विक्रेता संघ का मप्र में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान



को प्रदेश में गति देने के उद्देश्य से संगठन के सक्रिय पदाधिकारी विनोद जैन खरगोन को मप्र सदस्यता अभियान प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपुत ने प्रदेश सचिव संजय कुमार रघुवंशी की अनुसंशा पर की है। श्री जैन ने नियुक्ति पर पदाधिकारियों को आभार जताते हुए कहा कि वे अभियान को गति देकर 100 से कम कम सदस्यता वाले जिलों में पहुंचेंगे।

## सब जेल कसरावद में मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** एसडीएम कसरावद के मार्गदर्शन में सोमवार आज को 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान* एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सब जेल कसरावद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसरावद की मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।



जेल में निरुद्ध सभी 43 बंदियों की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी की जांच की गई सभी बंदियों की एचआईवी, सिफलिस की भी जांच मेडिकल टीम के द्वारा की गई सभी बंदियों की रिपोर्ट नेगेटिव प्राप्त हुई है मेडिकल टीम के द्वारा बंदियों को संक्रामक बीमारियों से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया गया ।

शिविर में उपस्थित मेडिकल एवं जेल स्टाफ से श्री वीरेंद्र शर्मा ( स्क्रइस), हिमांशु राठौर ( वरिष्ठ परामर्शदाता),अमर राठौर ( स्क्रइस) ,विजय कोगे ( टीबी सहायक), बलराम पाटीदार ( लैब टेक्नीशियन)नवीन गांगले ( क्ष्ट्ह)शरद पवार रेडियोग्राफर, ,श्री.धर्मवीर सिंह उमरैया (जेलर ),श्री.अकील ख़ान ( पीएलवी) ,श्रीमति प्रीति बघेल ( जेल फार्मासिस्ट,. सहित बंदी मौजूद रहे


## एक नजर में

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण हुआ

# 27 छात्र-छात्राओं को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** श्रीनगर स्थित गायत्री प्रज्ञा संस्थान में रविवार को गायत्री परिवार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का तहसील स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। इसमें कक्षा 5 वीं से कॉलेज तक प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। इसके अंतर्गत वर्ष 2024 की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 27 छात्र-छात्राओं का इस अवसर पर सम्मान किया गया।



उल्लेखनीय है कि शासकीय हाई स्कूल छोटी कसरावद की कक्षा 09 वीं का छात्रा खुशी इरफान अली ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर तहसील को गौरवान्वित किया है। इसी तरह शासकीय माध्यमिक विद्यालय सरवर देवला की कक्षा 07 वीं की छात्रा लक्ष्मी राजेश भूरिया ने जिले स्तर पर द्वितीय स्थान और शासकीय कन्या हाई स्कूल बामंदी की कक्षा 10 वीं की छात्रा धारा संतोष पटेल ने जिले में तृतीय स्थान एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसरावद की 12 वीं कक्षा की छात्रा श्रिया कैलाश पटेल ने जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर तहसील क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

संचालन कोषाध्यक्ष एवं सहायक प्रबंध ट्रस्टी सुरेशचंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं गायत्री परिजनों का स्वागत परीक्षा के तहसील संयोजक भूपेन्द्र पाटीदार ने किया। विशेष अतिथि के रूप में अध्यापक रामलाल पटेल ने दीप प्रज्वलन एवं देव पूजन कर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के उद्देश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान विषमकारी समय में बच्चों को भारतीय संस्कृति, धर्म एवं अध्यात्म से परिचित कराना इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य है।

पटेल ने कहा कि आज हमारे देश के युवा पाश्चात्य संस्कृति की तरफ आकर्षित होकर हमारी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इसीलिए गायत्री परिवार द्वारा यह महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजित कराई जाती है ताकि हमारी भावी पीढ़ी अपने संस्कारों से विमुख न हो सके ।पुरस्कार समारोह में सभी विद्यार्थियों को नगद राशि का लिफाफा, गायत्री चालीसा, सत्संकल्प पाठ का फोल्डर, मंत्र लेखन पुस्तिका, एक बाल पेन एवं प्रमाणपत्र पुरस्कार में दिए गए। परीक्षा में 100 से अधिक छात्रों को सम्मिलित करने वाले विद्यालयों को भी प्रमाण पत्र एवं एक एक सद् वाक्य फोल्डर दिए गए।

### भावी पीढ़ी अपने संस्कारों से विमुख न हो सके

गायत्री परिवार के कालू सिंह सोलंकी ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर उद्बोधन दिया। गायत्री परिवार के मंडल प्रभारी बलिराम पटेल ने श्रीराम शर्मा आचार्य रचित युग निर्माण सत्संकल्प के 18 सूत्रों पर प्रकाश डाला। गायत्री शक्तिपीठ के प्रबंध ट्रस्टी संजय शर्मा ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान पर प्रकाश डाला।